## पुनः परीक्षा/अंक सुधार परीक्षा हेतु आवेदन करने से पूर्व विद्यार्थी निम्न नियमों को ध्यान पूर्वक पढ़ें।

1. कोई भी विद्यार्थी जो कि वर्तमान में अध्ययनरत है वह इन परीक्षाओं में भाग नहीं ले सकता है।

2. कोई भी विद्यार्थी जिसने सत्र 2020-21 तथा 2021-22 में अपने पाठ्यक्रम की अवधि पूर्ण कर ली है और वह किसी विषय में उत्तीर्ण नहीं हो पाया था तो वह इन परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकता है जिसके लिये उसे प्रति प्रश्नपत्र रु. 2000/- ऑनलाइन जमा कराना होगा।

3. अंक सुधार परीक्षा हेतु केवल वही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिनके पाठ्यक्रम की अवधि पूर्ण हो चुकी हो तथा उन्हें पाठ्यक्रम की अवधि पूर्ण किये हुये दो वर्ष से अधिक का समय न हुआ हो। जो विद्यार्थी वर्तमान में अध्ययनरत हैं वह इन परीक्षाओं में भाग नहीं ले सकते हैं।

4. अंक सुधार परीक्षा देने हेतु विद्यार्थी को अपने पाठ्यक्रम के सभी विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है यदि किसी विद्यार्थी की एक विषय में पुनः परीक्षा शेष है तो वह अंक सुधार की परीक्षा नहीं दे सकता।

5. अंक सुधार परीक्षा में भाग लेने हेतु विद्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा उसे प्रति प्रश्न पत्र रु.3000/- की दर से शुल्क जमा करना होगा।

6. कोई भी पात्र विद्यार्थी निम्न सारणी के अनुसार ही अधिकतम प्रश्नपत्रों में अंकसुधार परीक्षा दे सकता है।

| स्तर | पाठ्यक्रम | अंक सुधार हेतु प्रश्नपत्र |
|---|---|---|
| स्नातक | बी.बी.ए., बी.टेक, एवं बी फार्मा. | 06 प्रश्नपत्र |
| | बी.एस. सी., बी.ए., बीपीईएस, बी.पी. एड. एवं समस्त ऑनर्स पाठ्यक्रम | 04 प्रश्नपत्र |
| स्नातकोत्तर | एम.ए., एम.एस. सी. एवं एम.पी. एड. | 04 प्रश्नपत्र |
| | एम.बी.ए., एम.बी.एफ., एम.बी.ई. एवं एम.सी.ए. | 06 प्रश्नपत्र |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा | हिन्दी पत्रकारिता एवं योग डिप्लोमा (एम वर्षीय पाठ्यक्रम) | 01 प्रश्नपत्र |
| डिप्लोमा | वैदिक पुरोहित (एक वर्षीय पाठ्यक्रम) | 01 प्रश्नपत्र |
| डिप्लोमा | डी. फार्मा. (द्वि वार्षिक पाठ्यक्रम) | 02 प्रश्नपत्र |

Skumar
परीक्षा नियंत्रक

Slather
11/10/22

212

ओ३म्

# गुरुकुल काङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय) हरिद्वार (उत्तराखण्ड), भारत

(पूर्व नाम – 'गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार')

**Gurukula Kangri (Deemed to be University) Haridwar (Uttarakhand), INDIA**

[Formerly : 'Gurukula Kangri Vishwavidyalaya, Haridwar']

पत्रांक परी0 / गोप0 / दिनांक 11-10-2022

## सूचना

समविश्वविद्यालय में अध्ययरत् रहे सभी विद्यार्थियों (जिनके अपने पाठ्यक्रम के सभी समेस्टरों की परीक्षायें पूर्ण हो चुकी हैं) को सूचित किया जाता है कि :–

1. ऐसे सभी विद्यार्थी जो अपने पाठ्यक्रम के सभी सेमेस्टरों की परीक्षायें दे चुके हैं तथा उनके अन्तिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है किन्तु किसी विषय में अभी तक उर्त्तीण नहीं अर्थात पुनः परीक्षा **(Repeat Exam.)** शेष हो।

2. ऐसे सभी विद्यार्थी जो अपने पाठ्यक्रम के सभी सेमेस्टरों की परीक्षायें दे चुके हैं एवं उत्तीर्ण कर चुके हों वह अपने पाठ्यक्रम के किसी भी सेमेस्टर की अंक सुधार परीक्षा **(Improvement Exam.)** में भाग लेना चाहते हैं।

वह अपना पुनः / अंकसुधार परीक्षा **(Repeat/Improvement Exam.)** आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से अनिवार्य रूप से दिनॉक 20.10.2022 तक भरना सुनिश्चित करें। उक्त परीक्षा फार्म **Online** माध्यम से समविश्वविद्यालय की वेबसाइट **Online link :-www.gkvedu.com/revins.Aspx** पर उपलब्ध है। दिनॉक 20.10.2022 के पश्चात् कोई भी परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म नियत तिथि तक जमा नहीं होंगे उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी।

**नोटः उक्त परीक्षाओं (पुनः / अंकसुधार (Repeat/Improvement Exam.) में आवेदन करने से पूर्व विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह परीक्षा में भाग लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा–निर्देशों का पालन करना सूनिश्चित करें।**

परीक्षा नियन्त्रक

11/10/2022

प्रतिलिपि :

1. मान्य कुलपति जी (सूचनार्थ)
2. कुलसचिव जी
3. कोर्डिनेटर, कन्या गुरूकुल परिसर, हरिद्वार / देहरादून
4. समस्त संकायाध्यक्ष
5. समस्त विभागाध्यक्ष
6. समविश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड / वेबसाइट।

परीक्षा नियन्त्रक